

## भावुक हुए विधायक, विदाई गीत गाकर रसम अदा की

- कृषि उपज मंडी में 90
- जोड़े परिणय बंधन में बधे, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह संपन्न

**खातेगांव।** भावुक हुऐ विधायक विदाई गीत गाकर फिर एक बार रश्म को अदा किया..विधायक आशीष शर्मा ने खातेगांव में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना में 90 जोड़ों को उनके नव दांपत्य जीवन की शुभकामना आशीर्वाद देते हुए, विदाई गीत गाया.. खातेगांव के कृषि उपज मंडी में मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह निकाह योजना के अंतर्गत 90 जोड़ों ने अपने दांपत्य जीवन में प्रवेश किया कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे स्थानीय सुषमा स्वराज स्टेडियम में दुलहा दुलहनक्ष को ट्रैक्टर ट्राली से प्रोसेशन निकालते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचे।

विभिन्न संगठनों के द्वारा प्रोसेशन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक आशीष शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती धनवारे उपाध्यक्ष मनीष पटेल अनुभाग अधिकारी प्रवीण प्रजापत नवागत सीईओ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी जनपद पंचायत के सदस्य भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित गुर्जर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि आमजन उपस्थित रहे, विधायक के द्वारा सभी व वधुओं को प्रमाण पत्र व सामग्रिय भेंट की गई कन्यादान में आई राशि सभी कन्याओं को 1100 रुपए नगद दिए गए, इस दौरान विधायक आशीष शर्मा ने विदाई के समय विदाई गीत गाते भावुक हुए नव दंपतियों को दांपत्य जीवन में प्रवेश करने पर शुभकामनाएं और बधाई दी। बाबुल की दुआ लेती जा.. नाज़ों से तुझे पाला मैं ने कलियों की तरह फूलों की तरह बचपन में झुलाया है तुझ को बाँहों ने मिरी झूलों की तरह मिरे बाग़ की ऐ नाज़ुक डाली तुझे हर पल नई बहार मिले जिस घर में बंधे हैं भाग तिरे उस घर में सदा तिरा राज रहे होंटों पे हँसी की धूप खिले माथे पे ख़ुशी का ताज रहे कभी जिस की जोत न हो फीकी तुझे ऐसा रूप-सिंघार मिले।



## गंदा पानी जमा हुआ तो पार्षद प्रतिनिधि वहीं बैठे धरने पर

- नगर निगम पर अनदेखी का आरोप



**देवास।** वार्ड क्रमांक 22 में लंबे समय से बनी सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। समस्या के समाधान में देरी से नाराज होकर पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा ने एक बार फिर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस बार उन्होंने खुले सीवर चैंबर के पास बैठकर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया है, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वर्मा का कहना है कि पिछले लगभग डेढ़ महीने से सीवर चैंबर लगातार उफान मार रहे हैं, जिससे आसपास के रहवासी गंदगी और बदबू से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि इस संबंध में जब उन्होंने नगर निगम कमिश्नर से बात की तो उन्हें गैरजिम्मेदाराना जवाब मिला, जिससे आक्रोश और बढ़ गया। वर्मा ने यह भी बताया कि 11 मार्च को भी इसी मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था, लेकिन आज तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जब तक सीवर समस्या का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने भी जल्द समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि क्षेत्र में फैल रही गंदगी और संक्रमण के खतरे से राहत मिल सके।

## देवास आईडीए का सीडीई व्याख्यान आयोजित



**देवास।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन देवास शाखा द्वारा 18 अप्रैल की शाम सीडीई व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ. आशीष सक्सेना एवं डॉ. अमित रावत उपस्थित रहे। डॉ. आशीष सक्सेना ने बच्चों के दंत उपचार, उनकी विशेष आवश्यकताओं एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. अमित रावत ने विभिन्न ओरल लेशन्स की पहचान, उनके कारणों तथा प्रभावी उपचार के तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आईडीए देवास के सदस्य चिकित्सकों में डॉ. नितिन मुंगी, डॉ. नेहा आनंद, डॉ. वकार अहमद, डॉ. वरुण आनंद, डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. वरुण त्रिपाठी, डॉ. तौसीफ शेख, डॉ. चेतना जायसवाल, डॉ. निष्ठा जैन, डॉ. वसीम पठान, डॉ. अरुण परमार, डॉ. एस. एस. मेवाड़ा, डॉ. शिखर चौहान, डॉ. विष्णु जायसवाल, डॉ. राहुल नागर, डॉ. तंजिला कुरैशी, डॉ. प्रियंका जायसवाल, डॉ. चिरायु जाखेटिया, डॉ. अभिराज सोनी एवं मानस वर्मा उपस्थित रहे।

## मक्सी रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा




- कार पलटी, महिला की मौत, तीन घायल

**देवास।** इंदौर से शादी सम्मेलन में शामिल होने जा रहा एक परिवार सोमवार को मक्सी रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गया। बरखेड़ा फाटा (टोंककला के पास) पर अचानक कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में कुल चार लोग सवार थे। कार चालक कृष्णा मुरारी, निवासी इंदौर, ने बताया कि टायर फटने के बाद वाहन अचानक असंतुलित होकर पलट गया, जिससे वह बेहोश हो गए। हादसे में निर्मला पति घनश्याम, निवासी इंदौर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, कृष्णा पति मांगीलाल (35 वर्ष), आर्यन पिता कृष्णा साहू (6 वर्ष) तथा आदर्श पिता कृष्णा साहू (ढाई वर्ष) घायल हो गए।घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण टायर फटना बताया जा रहा है।

### एक नजर में

## अंजली को 10वीं में 91 .4 प्रतिशत अंक



**देवास।** ग्राम पानकुवा की अंजली पिता मोहन मौर्य ने आलोट के सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में कक्षा 10 वी में विद्यालय में टॉप किया है, छात्रा ने कुल 500 मे से 457 अंक प्राप्त कर 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये कर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया। अंजली अपने अंकल मुकेश मौर्य अनीता मौर्य के पास रह कर पढ़ाई करती है। अंजली मुल रूप से देवास जिले की उदनगर तहसील के ग्राम पानकुवा की रहने वाली है पिता मोहन मौर्य माता कृष्ण बाई,दादाजी-रायसिंह, दादी गोरा बाईं मौर्य एक किसान परिवार है। अंजली के अंकल मुकेश और आंटी अनीता ने बताया की अंजली बचपन से ही शांत स्वभाव की अंतर्मुखी, प्रतिभाशाली छात्रा है तथा बिना किसी कोचिंग करे स्कुल समय के पूर्व और बाद नियमित अध्यन से इस सफ़लता को प्राप्त किया है। अंजली की इस सफ़लता से पूरे क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर हे और विद्यार्थियों में अपने लिए नई प्रेरणा का संचार हुआ है। अंजली की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक बुद्धिजीवियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण शिक्षा विजन, आदिवासी कर्मचारी संघटन, आदि ने शुभकामनाएं और बधाई दी व उसके उज्वल भविष्य की मंगल कामनाएँ की।

## जिन आंखिन सब देखिए, सो आंख न देखी जाए

**देवास।** ध्यान मन का आसान है और मन का स्नान भी। जिस प्रकार स्नान करके हम स्वयं को साफ-सुथरा, हल्का-फुल्का एवं तरोताजा अनुभव करते हैं, ठीक उसी प्रकार ध्यान की अवस्था हमारे मानसिक तल को सहजता प्रदान करती है। ध्यान में हमें कई चीजें समझ में आती है, कई अनुभूतियां होती है। ध्यान का उद्देश्य कुछ विभूतियां प्राप्त करना, शक्तियां प्राप्त करना या ऊर्जा प्राप्त करना नहीं है, बल्कि ध्यान का मुख्य उद्देश्य आत्म परिचय प्राप्त करना, आत्मज्ञान प्राप्त करना, स्वयं को जानना। जो व्यक्ति अपने को जान लेता है, वो शेष सब कुछ अपने आप जान लेता है। दुर्भाग्य है कि हम स्वयं को नहीं जानते और न जानने का प्रयास ही करते हैं, बल्कि बाहरी दुनिया की भूल भुलैया में खोए रहते हैं। हम अपने व्यक्तित्व के सभी कोनों से, सभी पहलुओं से, सभी आयामों से परिचित नहीं है, इसलिए अपने को अच्छे से देख नहीं पाते। आंखें बंद करके अपने को सविस्तार देखो तो तुम अपने को देख पाओगे। हम अगर सबसे अधिक नजदीक हैं, तो अपने आपके नजदीक है। सबसे अधिक दूर है, तो अपने आप से दूर है। इसके अलावा अगर हम किसी से सबसे ज्यादा अपरिचित है, तो वह भी अपने आप से ही। ध्यान की सही विधि समझने के लिए समय के तत्वदर्शी सद्गुरु की शरण में जाना चाहिए। ध्यान से संबंधित यह जानकारी बालाजी नगर स्थित मानव धर्म मंदिर में सतपाल महाराज की शिष्या रेणुका बाई जी ने दी। उपस्थित अध्यात्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए संत श्री ने कहा जिन आंखिन सब देखिए, सो आंख न देखी जाए। अर्थात जिन आंखों से हम सब कुछ देखते हैं, उन आंखों को ही हम नहीं देख पाते हैं। अपनी आंखें दर्पण में तो हम देख सकते हैं, लेकिन स्वयं नहीं देख सकते। आंखों से सारा संसार देखते हैं, लेकिन आंखों से हम अपनी आंखों को नहीं देख पाते। आंखों से आंखों की अनुभूति नहीं कर पाते। इसलिए आंखें बंद करके अपने को सविस्तार देखने के लिए भगवान शिव भी कहते हैं। भगवान शिव भी आंख बंद करके ध्यान करते हैं। उन्होंने कहा ध्यान कुछ और नहीं, बल्कि अपने मन की आंखें खोलने की कला है,अपने अंतर मन की आंखों को स्वच्छ करने की कला है और चेतना के दर्पण पर जो धूल जमी है, उसे झाड़ने की कला है। मनुष्य हजारों जन्मों की यात्रा पर है, इसलिए उसके चेतना रूपी दर्पण पर धूल जम जाती है। हम सब यात्री हैं व अब तक की हमारी यात्रा में बहुत धूल जम चुकी है। इतनी ज्यादा धूल जम चुकी है कि दर्पण बिल्कुल खो ही गया है, नजर ही नहीं आता। उस पर केवल धूल ही धूल नजर आती है, उस पर धूल की परतें हैं और दर्पण का कहीं कुछ पता ही नहीं है, लेकिन दर्पण अब भी वहां है, वह खो नहीं सकता। क्योंकि वही हमारा अस्तित्व है।

## 18वीं सीनियर राज्य डॉजबॉल प्रतियोगिता आज से

**देवास।** मध्य प्रदेश डॉजबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रवीण सांगते और अध्यक्ष ठाकुर जय सिंह ने बताया कि 21 से 22 अप्रेल तक आयोजित होने वाली 18 वी सीनियर राज्य डॉजबॉल प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

सरस्वती विद्या मंदिर विजय नगर में होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 350 खिलाड़ी जिसमे महिला/पुरुष दोनों ही वर्ग भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार शाम 5 बजे होगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश व जिले की लगभग 20 पुरुष की टीम एवं 18 महिला टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता की सफलता के लिए



खेल गुरु राधे श्याम सोलंकी, विश्व मित्र अवार्डी सुदेश सांगते, सरस्वती विद्या मंदिर प्राचार्य महेन्द्र सिंह सिसोदिया, हरजीत सलूजा, शमिक देसाई, राशि सांगते, तरुण सोनी, जय कुमार, कपिल व्यास, तरुण सोनी, जानवी सांगते, पुष्कर सिंह राजपूत आदि ने शुभकामनाएं दी।

## आग की घटनाओं को रोकने के लिए चलाएंगे जन जाग्रति अभियान

**देवास।** वन मंडल देवास के अंतर्गत आने वाले वन ग्रामों में इन दिनों भीषण गर्मी के दौरान जंगलों में आए दिन आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। कल रात के समय भी इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग 59 ए पर खेड़ा खाल के पास पंपापुर के करीब आग लगने की घटना हुई, जिससे कई बैश कीमती वन संपदा का नुकसान हो रहा है।

इन आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए जन जागृति अभियान मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समितियां वन ग्रामों में जा जा करके ग्रामीणों से अपील करेगी कि कोई भी राहगीर व्यक्ति रात में



या दिन में वन मार्ग से निकलते समय बीड़ी सिगरेट का उपयोग नहीं करे। न ही जलती बीड़ी सिगरेट या अन्य कोई जलती हुई वस्तुएं जंगलों में फेके। साथ यह समय भीषण गर्मी का है सभी अपन घरों पर या सार्वजनिक स्थानों पर पंछियों के लिए जल पात्र स्कोरे रखें, जिससे पंछी पानी पी सके। साथ ही पानी की बड़ी होद भी मवेशियों के लिए जन सहयोग से ला करके रखें। यह अपील जन जागृति अभियान वन मंडल देवास के वन परिक्षेत्र कांटाफोड़ वन परिक्षेत्र बिजवाड़ पानीगांव वन परिक्षेत्र कमलापुर वन परिक्षेत्र जिलवानी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में जन जागृति अभियान चलाएगा यात्री बसों के स्टाफ से भी अपील की जाएगी की जो यात्री बसें जंगलों के मार्ग से निकलती है उन यात्री बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों के द्वारा भी जलती हुई बीड़ी सिगरेट नहीं फेंके यह संदेश उन्हें यात्रा के दौरान दिया जाएगा।

## बाल विवाह रोकने को चलाया अभियान

**देवास।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी देवास ने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में संभावित बाल विवाहों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पूरे जिले में पुलिस विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल गठित कर सम्मेलनों और विवाह स्थलों पर कड़ी निगरानी रखी गई। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वन स्टॉप सेंटर को जिला स्तरीय मुख्य कंट्रोल रूम बनाया गया। कंट्रोल रूम से भी लगातार मॉनिटरिंग की गई। साथ ही, जिले के प्रत्येक परियोजना कार्यालय में भी पृथक से कंट्रोल रूम स्थापित किए गए, ताकि प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। शहर में विभाग का फ्लाइंग स्क्वायड (उड़नदस्ता दल) निरंतर सक्रिय रहा, जिसने विभिन्न मैरिज गार्डन और विवाह समारोहों का औचक निरीक्षण कर वर-वधू के आयु संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की।

## अक्षय तृतीया पर नर्मदा मंदिर में लगाया छप्पन भोग

**बागली।** अक्षय तृतीया एवं रोहिणी नक्षत्र पर पिपरी स्थित मनोकामनेश्वरी नर्मदा मंदिर सनातन विचार मंच पर मंदिर में विराजित नर्मदा की प्रतिमा का जलाभिषेक करते हुए नवीन वस्त्र धारण करवाए।

पंडित बृजेश शर्मा आचार्य राज नारायण मिश्रा मां नर्मदा भक्त गिरधर गुप्ता राघवेंद्र जाधव आदि की उपस्थिति में किया गया पूजनके बाद महा आरती की गई आरती के पश्चात कन्या भोज ब्राह्मण भोज एवं आए हुए सभी भक्तों ने भंडारे में भोजन प्रसादी



ग्रहण कि इस अवसर पर मां नर्मदा को छप्पन भोग प्रसाद अर्पित कियागया नागर चित्तौड़ा महाजन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र महाजन परिवार एवं इंदौर के ही एक नर्मदा भक्त के परिवार जन द्वारा की गई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लोकेश जैन अल्केश मेहता अजय गुप्ता पवन जैन सुनील गुप्ता अंकित महाजन सनी मेहता नाथू भाई कोली महेश यादवएवं मातृशक्ति मंजुला शर्मा माया जैन रानी सिसोदियाराजू विश्वकर्मा किरण गुप्ता अंगूर वाला पाटीदार विभा गुप्ता बिना मेहता सावित्री देवी सेंधवप्रतिभा जैन वंशिका गुप्ता एवं मैया नर्मदा मंडल की सदस्य सहभागी रही कन्या पूजन भी किया गया।

## परशुराम जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ



**देवास।** भगवान परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर देश में सुख समृद्धि शांति एकता भाईचारे के संदेश की भावना को लेकर मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन कार्यालय पर भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई इस दौरान उनके चित्र पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर सुंदरकांड का पाठ एवं आरती की गई सुंदरकांड का पाठ एवं आरती इंदौर मध्य प्रदेश से पधारे विद्वान पंडित संतोष पुरोहित के द्वारा की गई सुंदरकांड के पाठ के पश्चात आरती कर पुष्पांजलि एवं प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान अटल आश्रम कार्यालय पर रामायण परायण भजन मंडल के चंपालाल वर्मा लखनलाल धनावत गुलाब कांवटिया रामधन राठौर बबलू घुणावत नर्मदा पुरोहित कैलाश पुरोहित राजेश मीणा आदि रामायण पारायण भक्त मंडल के सदस्य लोग उपस्थित थे

## श्री योग वेदांत सेवा समिति ने किया छाछ वितरण

**देवास।** श्री योग वेदांत सेवा समिति, देवास द्वारा संत आसाराम बापू के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल, शुक्रवार को मीरा बावड़ी चौराहा पर छाछ वितरण सेवा के साथ संपन्न हुई। मीरा बावड़ी चौराहा पर महिला मंडल एवं युवा सेवा संघ के भाइयों द्वारा छाछ वितरण किया गया व आश्रम साहित्य वितरण सेवा देखकर हर किसी का मन गदगद हो गया। महिला मंडल की बहन सन्तोष पुरषोत्तम ने बताया कि पूरे विश्व में गुरुदेव का अवतरण दिवस विश्व सेवा सत्संग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में देवास में भी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समिति द्वारा समय-समय पर गर्मी में छाछ-शरबत, साहित्य वितरण, ठंड में गर्म कपड़े, दीपावली पर मिठाई-दीपक व वस्त्र वितरण जैसी सेवाएं निरंतर की जाती हैं। कुछ साधक मध्य प्रदेश के मुख्य कार्यक्रम में परमात्मा की उपस्थिति में आयोजित अवतरण दिवस कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। उत्तम सेवक सेवा ढूंढ लेते हैं।

### एक नजर में

**विधायक और नगर निगम सभापति ने किया पुरस्कार वितरण**

## सर्वब्राह्मण कल्याण संघ ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली वाहन शौर्य यात्रा

**देवास।** समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ देवास के जिला अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मुख्य अतिथि गायत्री राजे पवार विधायक एवं विशेष अतिथि नगर निगम सभापति रवि जैन के आतिथ्य में मनाया गया। जिनका स्वागत पुष्प गुच्छ दुपट्टे से किया गया।

गायत्री राजे पवार ने इस अवसर पर कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर समस्त ब्राह्मण कल्याण संघ देवास द्वारा आयोजित भव्य शोर्य यात्रा में सहभागी होकर धर्म, संस्कृति और परंपराओ के प्रति समाज की एकजुटता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस गोरवमयी आयोजन में उपस्थित होकर सभी श्रद्धालुओं एवं आयोजकों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की तथा भगवान परशुराम जी से समस्त जनमानस के सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, संजय दायमा आदि अतिथि भी उपस्थित थे जिनका भी दुपट्टा एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। समाजजन ने प्रात: चाणक्यपुरी स्थित भगवान परशुराम जी मंदिर पर पुजा अभिषेक एवं आरती की हवन एवं पुजा में जिला अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा, जिला संयोजक अरविंद शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, मनोज व्यास,दीपक जोशी सपत्नीक बैठे। कर्म काण्ड पुर्ण विधि विधान से पण्डित केलाश शर्मा, शिवनारायण कटारे, अश्विन सारैया ने कराया। जन्मोत्सव के द्वितीय सत्र में शाम 5 बजे सिद्धिविनायक गणेश मंदिर सयाजी द्वार पर सभी समाजजन एकत्रित हुए यहां पर सर्वप्रथम उपस्थित सभी ब्रह्म बन्धुओं का मंगल तिलक लगाकर और केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।



सयाजी द्वार से भव्य वाहन शौर्य यात्रा जिला अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती गायत्री राजे पवार ने भगवान ध्वज फहराया कर किया गया। शौर्य यात्रा में भगवान परशुराम जी की मूर्ति के साथ-साथ भगवान शंकर जी,नंदी जी की भगवान राम जी की भगवान हनुमान जी की आदि अन्य मूर्तियों झांकी के रूप में सम्मिलित थी शौर्य यात्रा में डीजे बैंड भजन ,ढोल, एवं आतिशबाजी की गई एवं चारपहिया, दोपहिया वाहन साथ चल रहे थे। मातृशक्ति एवं अन्य ब्राह्मण बंधु भी उपस्थित रहे